एक नजर में

श्रद्धा से मनेगा साध्वी द्रौपदी का अवतरण दिवस

संत हिरदाराम नगर : हजारों लोगों को गुरुवाणी का पाठ पढ़ाने वाली ब्रह्मलीन साध्वी द्रौपदी धनवानी का 68वां अवतरण दिवस 10 सितंबर को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर संत हिरदाराम नगर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। साध्वी की शिष्य सोनी लालवानी ने बताया कि जिस दिठे सब दुख जाए दरबार में इन दिनों श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ चल रहा है। श्री सुखमनी साहिब का पाठ भी हो रहा है। नौ सितंबर की रात 7:30 बजे कटनी की बालक मंडली द्वारा विशेष कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। 10 सितंबर को अमृतवेले सुबह पांच बजे भोग साहिब होगा। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। -नप्र

साध्वी द्रोपदी धनवानी

एम्स में दर्द प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन दो से

भोपाल : बढ़ती उम्र और बदलती जीवनशैली के कारण कमर, घुटनों, खेल चोटों और कैंसर से जुड़े दर्द के मामले बढ़ रहे हैं। इसे देखते हुए एम्स भोपाल में दो से तीन अक्टूबर तक दर्द प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और मध्य-पूर्व एशिया सहित देश-विदेश के दर्द रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे। एम्स दिल्ली, एम्स नागपुर, एसजीपीजीआइ, आरएमएल अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज समेत प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञ भी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित 100 से अधिक चिकित्सकों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन का आयोजन निश्चेतना विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. वैशाली वैंदेशकर की अध्यक्षता और डा. अनुज जैन के आयोजन सचिव के रूप में मार्गदर्शन में होगा। इसमें कार्यशालाएं और वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। -नप्र

नव नियुक्त सहायकों के प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

भोपाल : मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में नव नियुक्त कार्यालय सहायकों के प्रथम प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ पावर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेंटर (पीडीटीसी), भोपाल में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नव नियुक्त कर्मचारियों को विभागीय कार्यप्रणाली, कार्यालयीन अनुशासन, सुरक्षा नियमों और उनके दायित्वों के प्रति सजग व उत्तरदायी बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निदेशक (पीडीटीसी) सुधीर श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक संकल्प दिवाकर, सहायक प्राध्यापक नृपेंद्र सिंह अलावा तथा सुरक्षा मास्टर ट्रेनर व सिविल डिफेंस एक्सपर्ट रणदीप जग्गी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नव नियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण की उपयोगिता और कार्यस्थल पर अनुशासन के महत्व की जानकारी दी। -नप्र

डिजिटल डिटाक्स के साथ आत्मशुद्धि, श्रद्धालुओं ने आठ दिनों के लिए छोड़ा मोबाइल

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: श्वेतांबर जैन समाज का आठ दिवसीय पावन पर्युषण पर्व भक्ति, संयम और तप-त्याग के माहौल में प्रारंभ हो गया। पर्व के दौरान श्रद्धालु पूजा-पाठ, सामायिक, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय और प्रवचन के माध्यम से आत्मशुद्धि और आत्म-कल्याण की आराधना करेंगे।

भौतिक सुख-सुविधाओं का त्याग कर समाजजन संयमित और आध्यात्मिक जीवनशैली का पालन कर रहे हैं। वहीं कई श्रद्धालुओं ने आठ दिनों के लिए मोबाइल त्यागने का संकल्प लिया।

शहर के मंदिरों में भगवान जिनेंद्र की प्रतिमाओं का स्वर्ण एवं रजत आभूषणों से आकर्षक श्रृंगार किया गया है और जिनालय विद्युत रोशनी से जगमगा रहे हैं। समाज प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि अनेक श्रावकों ने साध्वी संघ के सानिध्य में आठ दिनों के निरंतर व्रत और उपवास के संकल्प लिए हैं।

तुलसी नगर स्थित जिनालय में साध्वी शीतल धर्मा श्रीजी के सानिध्य में मूलनायक भगवान आदिनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया। यहां कई श्रद्धालुओं ने आठ दिनों के लिए भौतिक सुख-सुविधाओं के साथ मोबाइल फोन का भी त्याग किया है।

साध्वी संघ के सान्निध्य में तुलसी नगर जिनालय में आराधना करते श्रद्धालु। ● सौः आयोजक

सुख-शांति के लिए अहम से दूर रहे: साध्वी शीतल

इस मौके पर साध्वी शीतल धर्मा श्रीजी ने कहा कि सांसारिक पर्व हमें केवल क्षणिक बाहरी सुख देते हैं, जबकि पर्यूषण महापर्व हमें स्थाई आत्मिक सुख प्रदान करता है। जीवन में सुख-शांति के लिए मनुष्य को अहम (अहंकार) और वहम से दूर रहना चाहिए। इस दौरान अध्यक्ष आरके पारख और पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र कोठारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

साध्वी रत्नत्रया ने श्रावकों को धार्मिक अनुष्ठानों के महत्व को समझाया

सिटी मंदिर में साध्वी रत्नत्रया श्रीजी म.सा. एवं साध्वी संघ के सानिध्य में प्रथम दिन भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक और पूजा-अर्चना की गई। साध्वी ने संघ पूजा, साधर्मिक भक्ति, यात्रा, स्नात्र पूजा, देव द्रव्य वृद्धि, रात्रि जागरण, श्रुत पूजा, उद्यापन और तीर्थ प्रभावना जैसे धार्मिक अनुष्ठानों के महत्व को समझाया। साध्वी ने कहा कि पर्युषण का मूल उद्देश्य कषाय भाव (क्रोध, मान, माया, लोभ) से मुक्त होकर आत्मशुद्धि करना है। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश तातेड़, डा. नितिन नाहर, अधिवक्ता पीसी कोठारी सहित जैन यूथ क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

तुलसी नगर स्थित जिनालय में आकर्षक साज- सज्जा की गई है। ● सौः आयोजक

शहर के विभिन्न जिनालयों में हुए अनुष्ठान

समाज के वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र कोठारी ने बताया कि पर्व के पहले दिन शहर के महावीर गिरी (पिपलानी), कोहेफिजा जैन मंदिर, श्री शंखेश्वर जिनालय, श्री सीमंधर नाथ जिनालय (पंचवटी) और दादावाड़ी (शाहजहांनाबाद) में भी दिनभर विशेष धार्मिक अनुष्ठान और भक्ति आराधना चलती रही।

गूंजा कान्हा का जयघोष, मटकी फोड़ में छलकी कृष्ण भक्ति की उमंग

हिउस का आयोजन ● परंपरा और युवा ऊर्जा का संगम, भजन जैमिंग ने बांधा समां

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की चंचलता, उनकी बांसुरी की मधुर तान और सनातन संस्कृति की चिरंतन परंपराओं को आधुनिक पीढ़ी से जोड़ने की अभिनव पहल मंगलवार को भवानी चौक, सोमवारा में साकार होती दिखाई दी। श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पहली बार आयोजित भव्य मटकी फोड़ एवं जैमिंग भजन-कीर्तन समारोह ने पूरे क्षेत्र को भक्ति, उल्लास और उत्सव की त्रिवेणी में सराबोर कर दिया। शाम ढलते ही भवानी चौक कृष्णमय हो उठा। वातावरण में गूंजते भक्ति गीतों, 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष और गोविंदा टोलियों के उत्साह ने ऐसा समां बांधा कि मानो वृंदावन धाम की पावन भूमि भोपाल आ गई हो।

गोविंदा टोलियों ने दिखाया उत्साह: समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, ऋषभ विश्वकर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक अर्जुन ठाकुर ने बताया कि समारोह में भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से आई गोविंदा टोलियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में गोविंदाओं ने मानवीय पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर लटकी मटकी तक पहुंचने के लिए अद्भुत साहस, सामूहिक समन्वय और जोश का परिचय दिया। मटकी फूटते ही पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। विजेता गोविंदा टोली को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कृष्णमयी हुआ भवानी चौक: मटकी फोड़ की रोमांचक प्रतिस्पर्धा, गोविंदाओं का उत्साह, ढोल-नगाड़ों की गूंज, भक्ति संगीत की स्वर-लहरियां और युवाओं की ऊर्जा ने भवानी चौक को देर शाम तक कृष्णमय बनाए रखा। चारों ओर उल्लास का वातावरण था और श्रद्धालुओं के कंठ से निरंतर निकल रहा था—'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की।'

भवानी चौक सोमवारा जैमिंग भजन-कीर्तन समारोह में भक्ति भजनों की धुन पर झूमते लोग। ● सौः आयोजक

जेन जी को सनातन संस्कृति से जोड़ने का प्रयास

आयोजन का सबसे अभिनव और आकर्षक पक्ष भजन जैमिंग एवं कीर्तन रहा। पारंपरिक भक्ति-संगीत को आधुनिक संगीत शैली से जोड़कर समिति ने विशेष रूप से युवा पीढ़ी और जेन-जी को सनातन संस्कृति की जड़ों से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया। भक्ति की पारंपरिक स्वर-लहरियों के साथ आधुनिक संगीत का संगम युवाओं को खूब भाया। भजनों की धुन पर झूमते युवा और कृष्ण भक्ति में लीन श्रद्धालु इस बात के साक्षी बने कि परंपरा यदि नए समय की भाषा में प्रस्तुत हो तो वह पीढ़ियों के बीच सेतु बन सकती है।

कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे

समारोह ने एक ओर जहां कृष्ण जन्माष्टमी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा को अभिव्यक्ति दी, वहीं दूसरी ओर आधुनिक संगीत और युवा सहभागिता के माध्यम से यह संदेश भी दिया कि सनातन संस्कृति समय के साथ चलने वाली जीवंत परंपरा है,जिसकी जड़ें प्राचीन हैं, लेकिन जिसकी चेतना सदैव नवीन है। आयोजन में मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

गुलाबी फूलों के साफे में सजे बाबा बटेश्वर

भौम प्रदोष व्रत के अवसर पर मंगलवार को श्री बड़वाले महादेव मंदिर में बाबा बटेश्वर का विशेष पूजन-अभिषेक किया गया। इस अवसर पर बाबा बटेश्वर को गुलाबी फूलों का साफा धारण कराया गया। प्रदोष काल में मधु एवं गाय के दूध से अभिषेक कर भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। करीब दो क्विंटल विभिन्न प्रकार के फूलों से बाबा बटेश्वर का भव्य श्रृंगार किया गया, वहीं मंदिर परिसर में आकर्षक रंगोली भी सजाई गई।

श्रद्धालुओं में उत्साह, देर रात कान्हा ने फोड़ी मटकी

मंदिर के संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया कि रात दस बजे बाबा बटेश्वर की महाआरती की गई। मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप कान्हा ने मटकी फोड़कर उत्सव को आनंदमय बना दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा बटेश्वर के दर्शन कर पूजन-अर्चन एवं महाआरती में सहभागिता की।

अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

भोपाल: अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद ने संगठनात्मक विस्तार एवं समाजहित के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से अपनी प्रबंधकारिणी और कोर कमेटी की अनुशंसा पर तीन प्रमुख पदों पर नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया है। राकेश रघुवंशी को राष्ट्रीय कार्यकारी महासचिव, वीरेंद्र सिंह रघुवंशी को भोपाल जिला अध्यक्ष तथा सुजीत रघुवंशी को युवा जिला अध्यक्ष (भोपाल) की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोर कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से किए गए इस चयन का समाज के सभी वर्गों ने स्वागत किया है।सामाजिक बंधुओं एवं वरिष्ठों ने सभी मनोनीत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि यह नई टीम संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही, युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और जनकल्याणकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

शिक्षकों का सम्मान करना वास्तव में हमारा सामाजिक दायित्व: वासवानी

संस्कार सभागार में शिक्षकों का सम्मानित करते हुए। ● सौः आयोजक

नवदुनिया प्रतिनिधि, संत हिरदाराम नगर: शिक्षकों का सम्मान करना हमारा सामाजिक दायित्व है। वास्तव में शिक्षक हमेशा सम्मानीय हैं। संस्कार सभागार में शिक्षकों का सम्मान करते हुए मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी ने यह बात कही।

वासवानी ने कहा कि जहां भी शिक्षक मिलें उनसे आशीर्वाद लें। कार्यक्रम का शुभारंभ मप्र लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येन्द्र भूषण सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर दिया। इस अवसर पर संस्था के संस्कार के सचिव बसंत चेलानी, नरेश वासवानी, चन्दर नागदेव, आरके मिश्रा एवं मृदुला गौतम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

इस मौके पर बच्चों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर एवं उनकी आरती उतार कर उनका सम्मान किया गया।बसंत चेलानी ने स्वागत भाषण दिया। सत्येन्द्र भूषण ने कहा कि शिक्षक हमेशा आदरणीय हैं। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि गुरूओं के मार्गदर्शन में रहकर कार्य करें इससे सफलता की राह आसान हो जाएगी।

सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वालों को किया गया सम्मानित

स्थापना दिवस पर सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए। ● सौः आयोजक

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: सहारा साक्षरता एज्यूकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी ने मंगलवार को 21वां स्थापना दिवस व अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम की थीम 'एक संकल्प, 100 महिलाएं, 100 प्रेरणाएं' रही। आयोजन में 350 से अधिक महिलाओं, बच्चों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और कलाकारों ने सहभागिता की। संस्था ने वर्ष 2006 से अब तक की यात्रा साझा करते हुए बताया कि शुरुआत में वंचित व कामकाजी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर ध्यान दिया गया। बाद में उनके परिवारों की आजीविका मजबूत करने के लिए रोजगार और स्वरोजगार के प्रयास शुरू किए गए। अब तक 50 से अधिक महिलाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ा गया है। स्थापना दिवस पर छह महिलाओं को स्वरोजगार किट प्रदान की गईं। सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए अनिल चौबे, कृष्णा चौहान और ऊषा सेनाय को सम्मानित किया गया।

डेंगू-मलेरिया की स्थिति जानी, बैठक में दिए निर्देश

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण केंद्र की निदेशक डा. तनु जैन ने मप्र के तीन दिवसीय दौरे में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफेलाइटिस की रोकथाम के लिए चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने भोपाल, सीहोर और रायसेन जिलों का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बालाघाट में सामने आए मामलों की भी विशेष रूप से समीक्षा की गई। राज्य कार्यक्रम अधिकारी डा. हिमांशु जयसवार ने प्रदेश में वेक्टर जनित रोगों की मौजूदा स्थिति और नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। दौरे के समापन पर प्रदेश के सभी जिला मलेरिया अधिकारियों और जिला वीबीडी सलाहकारों की बैठक हुई। इसमें करीब 100 अधिकारी शामिल हुए। बैठक में राज्य कार्यक्रम अधिकारी डा. हिमांशु जयसवार, रीजनल डायरेक्टर डा. सहित अन्य मौजूद रहे।

सेंट फ्रांसिस चर्च में प्रार्थना सभा

जहांगीराबाद सेंट फ्रांसिस चर्च में मंगलवार शाम को माता वैलांकनी की प्रार्थना सभा का आयोजन। ● नवदुनिया

राजयोग का अभ्यास, स्वस्थ व सजग जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: शासकीय डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान व वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल में मानसिक स्वास्थ्य कल्याण प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को 'ध्यान द्वारा मानसिक सशक्तिकरण' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य डा. कीर्ति जैन के संरक्षण और प्रकोष्ठ प्रभारी डा. मीनाक्षी सक्सेना के संयोजन में हुए कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीकी व्याकुलता से बचाना, मानसिक स्थिरता प्रदान करना रहा। कार्यशाला की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ी परामर्शदाता भाग्यश्री रिछारिया ने तकनीकी उपकरणों के संतुलित उपयोग व मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। कार्यशाला के अंतिम चरण में बीके किरण ने प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तकनीक के विवेकपूर्ण उपयोग तथा स्वस्थ और सजग जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यशाला के दौरान पौधे भेंट करते आयोजक व अथिति। ● सौः आयोजक

ट्रेनिंग राजा भोज एयरपोर्ट पर 25 तक चलेगा प्रशिक्षण

नेविगेशन प्रणाली सीखने देश भर से आए कर्मचारी

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: राजा भोज एयरपोर्ट पर देश के हवाई अड्डा कर्मचारियों को नेविगेशन प्रणाली में आए बदलाव का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डिस्टेंस मेजरिंग इक्विपमेंट (डीएमई) इंटेलकैन स्काईनैव एन 9040 पर आधारित व्यवस्था के बारे में कर्मचारियों को बताया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 25 सितंबर तक चलेगा। इस मौके पर त्रिपाठी ने कहा कि सुरक्षित उड़ान नेविगेशन और लैंडिंग में इस प्रणाली का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने प्रतिभागियों से तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी को गंभीरता से समझने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण को संबोधित करते डायरेक्टर आलोक त्रिपाठी। ● सौ एयरपोर्ट अथारिटी

इस प्रशिक्षण से पायलट और एयर ट्रैफिक संचालन से जुड़े कर्मियों को विमान की स्थिति समझने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य नेविगेशन सेवाओं को और अधिक सुरक्षित व प्रभावी बनाना है।
- **आलोक त्रिपाठी**, एयरपोर्ट डायरेक्टर

क्या है डीएमई

डिस्टेंस मेजरिंग इक्विपमेंट (डीएमई) विमानन क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाली एक रेडियो नेविगेशन प्रणाली है। इसका मुख्य कार्य विमान और जमीन पर स्थापित डीएमई स्टेशन के बीच की दूरी की जानकारी उपलब्ध कराना है। विमान से भेजे गए रेडियो सिग्नल का जमीन पर स्थित डीएमई स्टेशन जवाब देता है। सिग्नल के आने-जाने में लगे समय के आधार पर विमान के उपकरण दूरी की गणना करते हैं। यह दूरी सामान्यत: नाटिकल मील में प्रदर्शित होती है। इंटेलकैन स्काईनैव एन 9040, डीएमई प्रणाली का एक विशेष माडल है।

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
एल एफ एल NFL A Navratna Company
(भारत सरकार का उपक्रम)
विजयपुर 473 111, गुना (म.प्र.)-473111
(आईएसओ-9001,14001 &OHSAS 18001 इकाई)

निविदा आमंत्रण सूचना

एनएफएल विजयपुर में द्वि-बोली पद्धति के तहत जेम पर GeM Bid: GEM/2026/B/7970604, "Assistance in Chemical handling, Safety, Pollution control measures, Lubrication, up keeping and removal of sludge from different lagoons/ pits in CP&O group of plants for the period 2026-28" के लिए निविदा 'आमंत्रित करता है. निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम दिनांक है 18.09.2026, 02.00 PM. अधिक जानकारी व निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने हेतु वेबसाईट http://gem.gov.in, http://nationalfertilizers.com, and http://etenders.gov.in, पर उपलब्ध है. किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया ई. मेल: sprasad@nfl.co.in, Ph.07544-273338 पर सूचित करें. कोई भी निविदा संशोधन / आशोधन केवल उक्त वेबसाईटों पर ही प्रदर्शित किये जायेगें. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से उपरोक्त वेबसाइटों पर जाएँ।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा
अरेरा हिल्स, भोपाल,फोन नं. 0755-2550020

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

ई नीलामी दिनांक : 29.09.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 28.09.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे।
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा | प्राधिकृत अधिकारी : श्री योगेश कृष्ण सक्सेना | फोन नं. 0755-2550020/9425013866

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि
मेसर्स सुशील ट्रेडिंग कम्पनी प्रो:श्री सतीश अहेलिया फ्लैट नं. एस-2, द्वितीय तल, विख्यात भवन, महावीर काम्प्लेक्स, पुरानी कलारी, गली नं. 1, खसरा नं.118/2, वार्ड नं. 28, खारी फाटक रोड,विदिशा (म.प्र.), क्षेत्रफल 1500 वर्ग फिट, सीमाएँ :- पूर्व : श्री प्राण सिंह, पश्चिम : गली, उत्तर : फ्लैट नं. एस-1, दक्षिण : गली, सम्पत्ति मालिक :- श्री नरेन्द्र प्रजापति (भौतिक आधिपत्य) अचल सम्पत्ति के मूल कागजात सी.बी.आई. (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) भोपाल में जमा है	(₹) 24,30,000/- (₹) 2,43,000/-	28-07-2015 20-10-2015/ 31-10-2015/ 23-11-2015 ₹41521541.50 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
मेसर्स जैन इंटरप्राईसेस प्रो. श्री अमित जैन (सांकेतिक आधिपत्य) 1. बंधक संपत्ति डायवर्ट भूमि नं. 04 एवं 05, खसरा नं. 106-107/2/2, 106-107/3/1 एवं 106-107/3/25, ग्राम-पलासी, आर.एन.एम. 01, न्यू जेल रोड, करोंद, तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल, सीमाएँ : पूर्व: खसरा नं. 109 / अलाय गार्डन की भूमि, पश्चिम:रोड, उत्तर: प्लॉट नं. 03, दक्षिण: प्लॉट नं. 04, संपत्ति मालिक : श्री अजित कुमार जैन	(₹) 94,50,000/- (₹) 9,45,000/-	04-11-2022 14-03-2023 ₹ 20471643.73 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
2. बंधक संपत्ति दुकान नं. जी.बी.ई. 141, नवीन मंडी प्रांगण करोंद, तहसील-हुजूर, भोपाल, क्षेत्रफल : 1000 वर्गफिट, सीमाएँ: पूर्व: रोड, पश्चिम: प्लॉट नं. 183, उत्तर: रोड, दक्षिण: प्लॉट नं. 142, संपत्ति मालिक: मेसर्स आदिनाथ ट्रेड़िग कं. प्रो. श्रीमती सुनीता जैन (भौतिक आधिपत्य)	(₹) 17,95,000/- (₹) 1,79,500/-	
3. बंधक संपत्ति मकान नं. 36, सेक्टर-डी, सांई स्टील के पास, बंजारी कॉलोनी, कोलार रोड, भोपाल, क्षेत्रफल : 1500 वर्ग फिट, सीमाएँ: पूर्व: प्लॉट नं. 37, पश्चिम: प्लॉट नं. 35, उत्तर: रोड, दक्षिण: प्लॉट नं. डी-35(76), संपत्ति मालिक: राधा बाई बर्मन (सांकेतिक आधिपत्य)	(₹) 40,32,000/- (₹)4,03,200/-	

नियम एवं शर्तें :- 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 29/09/2026 वेबसाइट** https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।

दिनांक: 08/09/2026, स्थान: भोपाल — **सुरक्षित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक**